तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 16 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 24 फरवरी 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

प्रत्येक कार्यकर्ता अपने दायित्वों का निर्वहन करें 4



## खबर संक्षेप

### राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**बैकुण्ठपुर।** छग लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2025 रविवार को बैकुंठपुर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय मॉडल रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल तथा शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में आयोजित की गई। प्रथम पाली सुबह 10 से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 3 से 5 बजे तक आयोजित हुई। तीनों केन्द्रों के लिए कुल 1085 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। प्रथम पाली में 823 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 262 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 272 अभ्यर्थी अनुपस्थित दर्ज किए गए। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### 125 दिन रोजगार की गारंटी

**मनेन्द्रगढ़।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंकिता सोम के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायतों में ग्रामीण विकास की तस्वीर तेजी से बदल रही है। क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में कुल 151 नग आजीविका डबरी निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें अधिकांश कार्य प्रगति पर हैं। इन कार्यों को अब विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 (वीबी एण्ड जी राम जी एक्ट 2025) की भावना से जोड़ा गया है, जिसका मूल मंत्र है। 125 दिन रोजगार की गारंटी, अधिकार आधारित व्यवस्था मजबूत अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों का रोजगार सुनिश्चित किया जा रहा है। यदि पात्र परिवार को समय पर काम उपलब्ध नहीं होता है तो बेरोजगारी भत्ते का प्रावधान भी किया गया है।

### कमल बने जिला संयोजक

**मनेन्द्रगढ़।** भाजपा ने संगठनात्मक विस्तार को गति देते हुए जिले में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इसी



क्रम में मनेन्द्रगढ़ के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं लंबे समय से पार्टी से जुड़े सक्रिय कार्यकर्ता कमल केजरीवाल को भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। पार्टी नेतृत्व ने उनकी कार्यक्षमता, संगठनात्मक अनुभव और व्यापारिक क्षेत्र में मजबूत पकड़ को देखते हुए यह दायित्व सौंपा है। कमल केजरीवाल की नियुक्ति की सूचना मिलते ही शहर के व्यापारिक वर्ग और भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। एक अनुभवी व्यवसायी होने के नाते उनसे यह उम्मीद की जा रही है कि वे पार्टी की आर्थिक नीतियों, सरकार की व्यापार-हितैषी योजनाओं तथा विकासोन्मुखी कार्यक्रमों को व्यापारी वर्ग और आम जनता तक पहुंचाएंगे।

### किशोरियों से अनाचार के 3 आरोपी भेजे गए जेल

**अम्बिकापुर।** घर से लापता दो किशोरियों से अनाचार करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा है। 24 घंटे बाद पीड़ित किशोरियां घर लौटी तो परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजन की शिकायत पर पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज करने के साथ ही आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से सभी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। आरोपियों में शासकीय कार्यालय में पदस्थ एक चालक भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कार को भी जब्त किया है।

---

### 1 अप्रैल 2019 के पहले के वाहनों में लगाना है अनिवार्य

# हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन से अभी दूर हैं सरकारी वाहन

**कई निजी वाहनों में भी नहीं लगे**

**परिवहन विभाग सुस्त पड़ा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

दुपहिया व चार पहिया वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने की कवायद धीमी हो गई है। शुरूआती दौर में इस काम के लिए जोर-शोर से कवायद चल रही थी तथा उक्त नंबर नहीं लगाने वाले वाहन मालिकों के विरूद्ध कार्रवाई की बात कही जा रही थी, लेकिन कई माह बीतने के बाद भी कोरिया जिले में दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट बहुत कम वाहनों में ही लग पाया है।

शुरूआती दौर में सरकार के आदेश के बाद तेजी से नंबर लगाने का कार्य किया जा रहा था, लेकिन बाद में इसकी गति धीमी पड़ गई। इस दिशा में परिवहन विभाग भी सुस्त पड़ गया है। यह कारण है कि इस कार्य के शुरू होने के कई माह बीत जाने के बाद भी सड़कों पर हाई सिक्यूरिटी वाले नंबर प्लेट की गाड़ियां कम ही दिखती है, जबकि हाथ से लिखे नंबर प्लेट की दुपहिया व चार पहिया गाड़ियां अधिक नजर आती हैं। उल्लेखनीय है कि सरकार ने वाहनों की चोरी एवं अवध गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से सभी वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने के निर्देश दिए हैं, ऐसे वाहन जो 1 अप्रैल 2019 के पहले के रजिस्टर्ड है, इन पर अनिवार्य रूप से हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने के निर्देश हैं।




बिना एचएसआरपी वाला नंबर।

#### सरकारी वाहन में भी नहीं लगे एचएसआरपी

सरकार ने शत-प्रतिशत वाहनों पर एचएसआरपी लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, लेकिन सरकारी महकमा खुद मिले लक्ष्य को पूरा करने में सुस्त नजर आ रहा है। महीनो बाद भी कई विभागों की सरकारी वाहनों पर भी हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट नहीं लग पाई है। यह प्रशासन की सुस्ती का ही नतीजा है कि कई शासकीय विभाग के अधीन संचालित शासकीय वाहन में हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट अब तक नहीं लग पाए।

#### जिले में 8.66 प्रतिशत वाहनों में ही लगे

परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कोरिया जिले में कुल 123608 की संख्या में वाहन 1 अप्रैल 2019 के पूर्व के रजिस्टर्ड है, इनमें अब तक कुल 10708 वाहनों पर ही हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लग पाए हैं, अभी भी 14 हजार 5 सौ 18 वाहनों पर हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने के आवेदन मिल चुके हैं और बड़ी संख्या में वाहन मालिकों द्वारा एचएसआरपी लगाने के लिए आवेदन ही नहीं किया है। इस तरह जिले में अब तक 8.66 प्रतिशत वाहनों में ही एचएसआरपी लग पाए हैं, इसकी रफ्तार बहुत कम होने के कारण कोरिया जिले का परिवहन विभाग लक्ष्य से अभी कोसो है।

#### वर्तमान में विभाग भी पड़ा सुस्त

1 अप्रैल 2019 के पहले के सभी वाहनों में शत-प्रतिशत हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने की दिशा में जिम्मेदार परिवहन विभाग के अधिकारी भी अब सुस्त हो गए हैं। इस दिशा में न जांच हो रही है और न ही कार्रवाई, इसके चलते लोग भी अपने वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाने में रूचि नहीं दिखा रहे हैं, यदि इस दिशा में कार्रवाई शुरू होती है तो निश्चित रूप से लोग सजग होकर एचएसआरपी लगवाने फिर से सक्रिय हो जाएंगे।

#### जांच कार्रवाई करेंगे

हम वाहन मालिकों से लगातार अपील कर रहे हैं कि जल्द से जल्द एचएसआरपी युक्त नंबर प्लेट लगाएं। आने वालों दिनों में जांच कार्रवाई की जाएगी।

**-अनिल भगत,** जिला परिवहन अधिकारी कोरिया

---




## महिलाएं आपसी विवाद को सुलझाएंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी एनएस रावटे के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत सलका में नारी अदालत का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण ग्राम पंचायत मनसुख एवं ग्राम पंचायत सलका में गठित नारी अदालत के सदस्यों के लिए आयोजित किया गया।

नारी अदालत मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत संचालित एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित किया जा रहा है। यह ग्राम पंचायत स्तर पर महिलाओं से संबंधित शोषण, घरेलू हिंसा, अधिकारों में कटौती एवं अन्य सामाजिक मुद्दों के समाधान के लिए एक प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र के रूप में कार्य करेगी। नारी अदालत महिलाओं का एक सशक्त समूह है, जिसमें समाज एवं शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय महिलाएं शामिल हैं। यह समूह विभिन्न प्रकार के विवादों के समाधान, परामर्श, साक्ष्यों के आधार पर निर्णय, आपसी सहमति से मध्यस्थता एवं सुलह, तथा महिलाओं के अधिकारों एवं शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य करेगा। इसके माध्यम से त्वरित, सुलभ एवं किफायती न्याय सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। नारी अदालत के संचालन से समाज में महिलाओं के अधिकारों, कानूनी विकल्पों एवं शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूकता में वृद्धि होगी। साथ ही घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना एवं लैंगिक आधारित हिंसा जैसी घटनाओं में पीड़ित महिलाओं को सहयोग प्रदान करने में यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक, संरक्षण अधिकारी गैर संस्थागत देख-रेख जेंडर विशेषज्ञ एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

- **शिकायत निवारण का माध्यम बनेगी नारी अदालत**

---

## विस बजट सत्र, अधिकारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

**बैकुण्ठपुर।** छग विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से 20 मार्च तक संचालित होगा। सत्र के दौरान प्राप्त होने वाले विधानसभा प्रश्न, ध्यानाकर्षण सूचनां एवं प्रस्तावों पर त्वरित एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन कोरिया द्वारा आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्थाएं की गई हैं।

जारी आदेश के अनुसार दीनदयाल मंडावी अपर कलेक्टर को नोडल अधिकारी तथा अमित कुमार गुप्ता संयुक्त कलेक्टर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नियुक्त अधिकारी विधानसभा से प्राप्त प्रश्नों एवं सूचनाओं की जानकारी नियमित रूप से प्राप्त कर संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर उत्तर राज्य शासन को प्रेषित कराना सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार सत्रावधि के दौरान जिले के सभी शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश तथा मुख्यालय छोड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। केवल अत्यावश्यक परिस्थितियों में ही कलेक्टर की पूर्व अनुमति से अवकाश स्वीकृत किया जाएगा। सभी विभागाध्यक्षों एवं जिला प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने विभाग में विधानसभा कार्य के लिए विशेष सेल का गठन करें। प्राप्त प्रश्नों के उत्तर समय-सीमा में तैयार कर फैक्स एवं ईमेल के माध्यम से प्रेषित किए जाएं तथा उसकी प्रति/पावती तत्काल कलेक्टर कार्यालय, कक्ष क्रमांक-07 ⏭ शेष पेज 4 पर

### अवैध गिट्टी से भरे 2 हाईवा जब्त

**अम्बिकापुर।** खनिज विभाग द्वारा बतौली में अवैध गिट्टी से भरे परिवहन कर रहे दो हाईवा वाहन को जब्त कर थाने के सुपुर्द किया है। साथ ही आगे की कार्रवाई की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी अनिल साहू टीम के साथ बतौली क्षेत्र के दौरा में थे। इसी दौरान अवैध गिट्टी से भरे दो हाईवा वाहन को रुकवा जांच किया जहां दोनों हाईवा वाहन में बगैर पीट पास के अवैध गिट्टी बरियों से सीतापुर ले जाया जा रहा था। दोनों वाहन को बतौली थाने के सुपुर्द किया गया है। वाहन क्रमांक सीजी 15 डी एक्स 2734 व सीजी 15 ई ए 3631 पर करवाई करते हुए 39 -39 हजार का जुर्माना लगाया गया है। दोनों गिट्टी से भरे वाहन मनीष अग्रवाल, राहुल अग्रवाल का बताया जा रहा है। श्री साहू ने बताया कि अवैध रूप से कार्य कर रहे वाहनों पर कड़ी करवाई की जाएगी।

---

## जल संरक्षण अभियान: 5 परसेंट मॉडल से हर किसान को जोड़ें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों को बचाने के लिए जल संरक्षण अभियान को तेजी से आगे बढ़ाते हुए हर व्यक्ति तक ले जाना है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी द्वारा आवा पानी झोंकी अभियान को अब राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल चुकी है, ऐसे में इसे हर किसान, हर कोरिया वासी का अभियान बनाना है।

इस संदर्भ में सोमवार को जिला पंचायत कोरिया के मंथन कक्ष में सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के समस्त मैदानी अमले से सीधा संवाद कर आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत निर्देश दिए। इस बैठक में जनपद सीईओ, कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायतों के सचिव, रोजगार सहायक और सभी आवास मित्र उपस्थित रहे। उपस्थित मैदानी अमले को संबोधित करते हुए सीईओ ⏭ शेष पेज 4 पर



बैठक लेते सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी।

#### हर आवासों में बने सोखता गड्ढे

मैदानी टीम को जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत प्रत्येक प्रधानमंत्री आवास में एक एक सोखता गड्ढे बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर आवास हितग्राही को इसके लिए प्रोत्साहित करें कि उनके छत पर गिरने वाली प्रत्येक बूंद महत्वपूर्ण है और उसे हर हाल में बचाना है, जिससे आने वाली पीढ़ी को जल संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा।

#### आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने का सही समय

पीएम आवास योजना ग्रामीण में प्रगति की समीक्षा करते हुए सीईओ ने कहा कि अब निर्माण कार्य के लिए उचित समय है। अभी सारे किसान धान की फसल को बेचकर आर्थिक स्थिति में मजबूत हैं और अभी कोई विशेष प्राकृतिक अवरोध नहीं है। ऐसे में सभी हितग्राहियों को प्रोत्साहित कर उनके लिए पक्के मकान बनाने का कार्य पूर्ण कराए। समय पर जिओ टैग कर हितग्राहियों को रूपए दिलाने में मदद करें, जिससे प्रगति निरंतर बनी रहे। प्रत्येक सप्ताह सीईओ जिला पंचायत कार्य प्रगति वाले ग्राम पंचायत की टीम से बात करेंगे। इसमें जन मन आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा करेंगे।

---

## अनिरुद्ध को मिली संभाग की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरिया कॉलरी

छग की प्रांतीय बैठक 22 फरवरी को राजधानी रायपुर में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने, प्रांतीय अध्यक्ष विशाल राजहंस, पूर्व विधायक श्री पाण्डे, पतंजलि योगपीठ के योग आयोग के अध्यक्ष श्री सिन्हा, श्री जायसवाल सहित 33 जिलों के जिला अध्यक्ष एवं पांच संभागों के संभाग अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की नई प्रांतीय टीम का गठन किया गया।

इस अवसर पर सर्वसम्मति से सरगुजा संभाग की जिम्मेदारी अनिरूद्ध प्रजापति को सौंपी गई। पदाधिकारियों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। बैठक में संगठन के आगामी कार्यों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने बताया कि लोकतंत्र प्रहरी छग का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के सभी सेनानी परिवारों की पहचान कर उनकी समस्याओं को समझना एवं उनके समाधान के लिए प्रयास करना है। साथ ही देश के लिए किए गए उनके योगदान और बलिदान को समाज तक पहुंचाने का कार्य भी संगठन द्वारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त समाजहित में कार्य करने वाले व्यक्तियों के योगदान को सम्मान दिलाने तथा समाज में हो रहे अत्याचारों के विरूद्ध आवाज उठाने का संकल्प भी दोहराया गया।



### अधिक दाम पर बेच रहे गुटखा छोटे व्यापारियों ने की शिकायत

**बैकुण्ठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में इन दिनों एक गुटखा के दाम को लेकर बाजार में हलचल मची हुई है। आरोप है कि बड़े थोक व्यापारी निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर गुटखा बेच रहे हैं। बताया जा रहा है कि जिस पूड़े पर अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) 120 रूपए अंकित है, वहीं बाजार में 160 से 170 रूपए तक बेचा जा रहा है। ग्राहकों का कहना है कि केवल राजश्री गुटखा के दाम में ही अचानक बढ़ोतरी की गई है, जबकि अन्य ब्रांड पुराने रेट पर ही उपलब्ध हैं। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, थोक स्तर पर कीमत बढ़ाए जाने के कारण छोटे दुकानदार भी मजबूरी में ऊंचे दाम पर बिक्री कर रहे हैं, जिसका सीधा असर उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। नागरिकों का आरोप है कि बाजार में खुलेआम कालाबाजारी हो रही है, लेकिन संबंधित विभागीय अधिकारी अब तक कोई ठोस कार्रवाई करते नजर नहीं आए हैं। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर एमआरपी से अधिक मूल्य वसूलने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए और बाजार में चल रही कथित कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाई जाए।

---

## बदला मौसम, दोपहर बाद झमाझम बारिश

**आगामी दिनों में मौसम में उतार-चढ़ाव की संभावना**

**बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में सोमवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। दोपहर बाद आसमान में घने बादल छा गए और इसके बाद झमाझम बारिश शुरू हो गई। तेज हवा के साथ हुई बारिश से मौसम सुहावना हो गया, लेकिन किसानों की चिंता बढ़ गई है।

कोरिया जिला के कई ग्रामीण इलाकों में भी बारिश दर्ज की गई। अचानक बदले मौसम का असर खेतों में खड़ी फसलों पर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। जिन किसानों ने कटाई की तैयारी कर ली थी या फसल खेत में सुखाने के लिए छोड़ी थी, उन्हें नुकसान का डर सता रहा है। कृषि जानकारों के अनुसार इस समय असमय बारिश से दलहन, तिलहन और सब्जी फसलों को नुकसान हो सकता है। बारिश के कारण शहर में कुछ देर के लिए जनजीवन भी प्रभावित हुआ। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी मौसम में उतार-चढ़ाव की संभावना बनी हुई है।

- **असमय बारिश से दलहन, तिलहन और सब्जियों को हो सकता है नुकसान**



---

### जागरूकता से सिकल सेल को हराएं, जिपं के ऑडिटोरियम में कार्यक्रम

# कोरिया में 44 सिकल सेल से पीड़ित मरीज, बचाव की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला पंचायत कोरिया के ऑडिटोरियम में 23 फरवरी को पहली बार रोगी सहायता समूह की शुरूआत कोरिया से की गई।

इस जिला स्तरीय बैठक का आयोजन जिला स्वास्थ्य समिति कोरिया, यूनिसेफ छग एवं एकम फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सिकल सेल जैसे गैर-संचारी रोग से पीड़ित बच्चों एवं उनके अभिभावकों को एक साझा मंच प्रदान करना था। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, स्वास्थ्य विभाग की सभापति सुषमा कोरम, यूनीसेफ के स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. गजेन्द्र सिंह एवं उनकी टीम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल उपस्थित रहे। जिले के 44 सिकल सेल पीड़ित बच्चों एवं उनके अभिभावकों की सहभागिता के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में सामान्य नागरिकों को सिकल सेल रोग के कारण, लक्षण, उपचार एवं बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और विवाह पूर्व सिकलिंग टेस्ट कराने की ⏭ शेष पेज 4 पर



मंचासीन अतिथि।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

### रोग की रोकथाम के लिए जांच जरुरी

**बैकुण्ठपुर।** यूनिसेफ छग एवं एमसीसीआर ट्रस्ट के सहयोग से कोरिया जिला में गैर-संचारी रोगों (एनसीडीएस) पर पहली विचार संगोष्ठी का आयोजन एक निजी होटल में किया गया।

संगोष्ठी का उद्देश्य हृदय संबंधी समस्याएं, सिकल सेल रोग, बाल-मधुमेह एवं मानसिक स्वास्थ्य जैसी बीमारियों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा इनके रोकथाम के लिए व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का नेतृत्व स्वास्थ्य विशेषज्ञ यूनिसेफ डॉ. गजेन्द्र सिंह ने किया। संचालन डॉ. डी. श्याम कुमार ने किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य अधिकारी यूनिसेफ डॉ. श्वेताभ त्रिपाठी एवं श्रीमती सुरभि शुक्ला सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने सहभागिता की। संगोष्ठी में जानकारी दी गई कि गैर-संचारी रोगों के कारण प्रतिवर्ष लगभग 4.1 करोड़ लोगों की मृत्यु होती है, जिसमें भारत की हिस्सेदारी लगभग 64 प्रतिशत बताई गई। विशेष रूप से सिकल सेल ⏭ शेष पेज 4 पर



## खबर संक्षेप



### उद्यानिकी महाविद्यालय में हुआ प्रगतिशील कृषकों का सम्मेलन

अम्बिकापुर। उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, सिलफिली में प्रगतिशील एवं नवाचारी किसानों का सम्मेलन सेवानिवृत्त जीएम राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता के मुख्य आतिथ्य एवं अधिष्ठाता डॉ.रविन्द्र तिग्गा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यशाला में सूरजपुर जिले के 25 प्रगतिशील एवं नवाचारी कृषकों ने भागीदारी की। ये कृषक ड्रैगन फ्रूट, स्ट्रॉबेरी, वीएनआर अमरूद, रसभरी, ब्रोकली, सब्जी एवं गेंदें के साथ नारियल, सुपारी, अनानस, काली मिर्च, कॉफी, अदरक, हल्दी आदि की समन्वित एवं बहुमंजिली खेती की जा रही है। कार्यक्रम में अधिष्ठाता डॉ.तिग्गा ने महाविद्यालय की शैक्षणिक, अनुसंधान एवं तकनीकी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करने हेतु कृषकों की समस्याएं जानी व छात्र-छात्राओं द्वारा प्रायोगिक शिक्षा के अंतर्गत किए जा रहे छात्र-छात्राओं कृषकों के प्रक्षेत्र भ्रमण की जानकारी दी। राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने उद्यानिकी फसलों के उत्तम प्रबंधन एवं पर्यावरण अनुकूल स्मार्ट बागवानी अपनाने के उपाय सुझाए तथा उत्पादन लागत में कमी लाकर आय दोगुनी करने सुझाव दिए। सहायक संचालक उद्यान जे.मरावी ने उद्यानिकी विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। इफको के जनरल मैनेजर सुधीर सक्सेना ने जैविक खेती खादों के साथ मुख्य, सहायक एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के संतुलित उपयोग की जानकारी दी। रसायन मुक्त खेती हेतु बायो-ऑर्गेनिक एवं वनस्पति आधारित कीटनाशकों के उपयोग की जानकारी दी। कृषक विद्यासागर ने स्ट्रॉबेरी की खेती से संबंधित तकनीकी जानकारी दी। धन्यवाद ज्ञापन डॉ.राहुल कुमार गुप्ता ने किया।

### भाजपा की कार्यशाला में प्रशिक्षण वर्ग की रूपरेखा पर मंथन




अम्बिकापुर। बूथ, मंडल व जिला में होने वाले प्रशिक्षण वर्ग के लिए शनिवार को भाजपा कार्यालय में पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। सांसद चिंतामणि महाराज की अध्यक्षता में वक्ता के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने उद्घाटन सत्र के उद्बोधन में प्रशिक्षण वर्ग के महत्व को बताया। द्वितीय सत्र में महापौर मंजूषा भगत की अध्यक्षता में विषय वक्ता अंबिकेश केशरी ने प्रशिक्षण योजना पर प्रकाश डाला, उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग की तिथि, स्थान, विषय वक्ताओं के नाम आदि की जानकारी दी। महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री फुलेश्वरी सिंह की अध्यक्षता में तृतीय सत्र के विषय वक्ता सोशल मीडिया प्रदेश सह संयोजक ज्ञान प्रकाश दुबे ने पीपीटी नवाचार अंतर्गत वर्तमान परिपेक्ष्य में एआई का प्रयोग और मीडिया, सोशल मीडिया कंटेंट सहित अन्य विषयों की जानकारी दी। चौथे सत्र की अध्यक्षता सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने की तथा विषय वक्ता आरएसएस के विभाग प्रचारक हेमंत नाग ने कहा कि हमारी पहचान विश्वस्तर पर सबसे ऊपर है। 2047 के विकसित भारत के संकल्प पर पीएम मोदी नजर बनाये हुए है। हमारी सोच राष्ट्रवादी होनी चाहिएऔर प्रत्येक पदाधिकारी का उसके पद के अनुरूप विजन होना चाहिए। कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य बोध और स्व आचरण को विस्तार से परिभाषित किया। अंतिम सत्र में जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह की अध्यक्षता में विषय वक्ता भारत सिंह सिसोदिया ने प्रशिक्षण वर्ग के कार्यक्रमों और विषयों की जानकारी दी। कार्यशाला के प्रारंभ में पदाधिकारियों का पंजीयन और ध्वजारोहण किया गया। प्रशिक्षण सत्रों का संचालन जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने किया तथा जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान श्रीमती अरूणा सिंह, इंदर भगत, राधेश्याम ठाकुर, विकास पाण्डेय, निलेश सिंह, निश्चल प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की गई जान

अम्बिकापुर। अलग-अलग सड़क दुर्घटना में गंभीर दो लोगों की मौत हो गई। ट्रैक्टर की टक्कर से मासूम की जबकि कार की टक्कर से स्कूटी सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार इंदिरानगर फुन्दुरडिहारी निवासी एलेन्द्र मोचारी आ. राम सिंह मोचारी (43 वर्ष) 31 दिसम्बर की रात लगभग 1 बजे ड्यूटी कर स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीओ 6375 से घर लौट रहे थे। जैसे ही गांधी चौक के समीप पहुंचे तभी कार क्रमांक सीजी 15 ईजी 5999 का चालक टक्कर मार दिया जिससे स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। दूसरी घटना में पत्थलगांव थाना अंतर्गत ग्राम झक्कडपुर निवासी आदित्य नाग आ. राधेश्याम (4 वर्ष) गत दिन घर के सामने खेल रहा था तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन बालक को पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बालक की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।

## अधिकारियों ने तीन महीने में विद्युत विस्तार करने का दिया था लिखित आश्वासन

# ढिबरी के भरोसे दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के दो दर्जन गांव के लोगों की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होने के साथ ही एक बार फिर दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के गांवों में विद्युत विस्तार की मांग जोर पकड़ने लगी है। बोर्ड की परीक्षाएं चल रही है जबकि स्कूल-कॉलेज की परीक्षाएं सिर पर हैं तथा पर्याप्त रोशनी के अभाव में बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है।

**खास बात**

- विभाग ने शासन को भेजा 17 गांवों का प्रस्ताव

आधुनिक युग में जब गांव-गांव में तकनीकी विकास हो रहा है तथा रोजगार के नए-नए अवसर पैदा हो रहे हैं बीहड़ों के बीच बसे लगभग दो दर्जन गांव के लोगों की जिंदगी ढिबरी के भरोसे चल रही है। विद्युत के अभाव में क्षेत्र के गांवों में अभी तक आटा चक्की एवं धान कूटने की मशीन तक नहीं लग पाई है तथा लोगों को छोटी-छोटी जरूरतों के लिए लम्बी दूरी का सफर करना पड़ता है। गांव को बिजली से रोशन होने का सपना देखने वाले पीढ़ी की नजरें धुंधली हो गई लेकिन गांवों तक बिजली नहीं पहुंच सकी। क्षेत्रवासियों के लिए विद्युत विस्तार के महत्व का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया प्रारम्भ होते ही राजनीतिक दबाव में विद्युत अधिकारी विद्युत विस्तार के लिए सर्वे की खानापूर्ति शुरू कर देते हैं। कई चुनाव हुए लेकिन बात आगे नहीं बढ़ सकी। क्रेडा द्वारा वर्षों पूर्व गांवों में लगाया सोलर पावर प्लांट एवं होम लाइट पिछले चार महीनों से बदं होने के बाद ग्रामीणों की समस्या बढ़ गई है तथा ग्रामीणों की जिंदगी पूरी तरह से ढिबरी पर आश्रित हो गई है।

लम्बे समय से चली आ रही इस समस्या के विरोध में क्षेत्र के सरपंचों ने दिसम्बर की भीषण ठंड के दौरान 11 दिनों तक धरना-प्रदर्शन भी किया था। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के आंदोलन को भैयाथान एसडीएम ने तीन महीने के भीतर विद्युत विस्तार कार्य प्रारंभ करने का लिखित आश्वासन देकर बंद कराया था। आंदोलन को समाप्त हुए दो महीने से अधिक समय हो गया है लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई पहल प्रारंभ नहीं हो सकी है।





लालटेन व ढिबरी की रौशनी में पढ़ाई करते बच्चे।

### वन बाधा बड़ी समस्या

क्षेत्र के अधिकांश गांव जंगलों से घिरे हैं जबकि कई बड़े गांव गुरूघासीदास नेशनल पार्क की सीमा में बसे हैं। नेशनल पार्क के भीतर बसे गांवों तक बिजली पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार की अनुमति आवश्यक है। इसके लिए शासन स्तर पर पहल जरूरी है। स्वीकृति मिलने के बाद विभाग अण्डरग्राउण्ड केबल बिछाकर गांवों तक विद्युत विस्तार की पहल कर सकता है जिसमें लम्बा समय लगने की संभावना है। सामान्य जंगल से घिरे गांवों में विद्युत विस्तार के लिए विभाग लम्बे समय से विभाग की अनापत्ति लेने की पहल कर रहा है तथा 17 गांवों में विद्युत विस्तार के लिए वन विभाग ने विद्युत विभाग को अनापत्ति दे भी दी है। विद्युत विभाग ने इन गांवों में विद्युत विस्तार करने का प्रस्ताव शासन को भेजा है तथा प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

### महीनों से सोलर प्लांट बंद

चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के विद्युत विहीन गांवों में क्रेडा द्वारा सोलर पावर प्लांट लगाया गया था तथा घर-घर में रोशनी के लिए होम लाइट उपलब्ध कराई गई थी। देखरेख के अभाव में उपकरणों के खराब होने से धीरे-धीरे सोलर पॉवर प्लांट एवं होम लाइट बंद होने लगे। ग्रामीणों की शिकायत पर अधिकारियों ने शीघ्र उपकरणों को बदलने एवं मरम्मत कराने का आश्वासन भी दिया लेकिन राशि के अभाव में कुछ भी नहीं हो सका। हालत यह है वर्तमान में मात्र 4-5 फीसदी सोलर पॉवर प्लांट व होमलाइट काम कर रहे हैं। अधिकारी महीनों से विभाग के पास बजट नहीं होने का रोना रो रहे हैं। ऐसे में निकट भविष्य में महीनों से बंद पड़े सोलर पॉवर प्लांट एवं होम लाइट की मरम्मत होने की संभावना नहीं है।

### तीन गांवों में विद्युत विस्तार की स्वीकृति

विद्युत अधिकारियों के अनुसार शासन द्वारा दूरस्थ ग्राम मसनकी के पसेरी पारा, असुरा एवं नवाडीह खुर्द में विद्युत विस्तार की स्वीकृति प्रदान की गई है। विभाग ने टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी कर ली है तथा ठेकेदारों को गांवों में विस्तार कार्य प्रारंभ करने की स्वीकृति दे दी है। अभी भी विभाग को दूरस्थ क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन गांवों में विद्युत विस्तार के लिए वन विभाग की अनापत्ति नहीं मिली है। विभाग के अधिकारी वन विभाग की अनापत्ति के लिए कोशिशें कर रहे हैं।

### भेजा गया है प्रस्ताव

चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के विभिन्न 17 गांवों में विद्युत विस्तार का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इन गांवों में विद्युत विस्तार के लिए वन विभाग की अनापत्ति मिल गई है। स्वीकृति मिलते ही विद्युत विस्तार की कार्रवाई प्रारंभ कर दी जाएगी।

-बसंत सोम
ईई, विद्युत विभाग सूरजपुर




## मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन्मदिन के अवसर पर विभिन्न सेवा एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों का नेतृत्व वरिष्ठ भाजपा युवा मोर्चा नेता विक्रम गुप्ता एव नंदकिशोर गुप्ता ने किया।

इस अवसर पर 100 बिस्तर अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना एवं महतारी वंदन योजना से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सम्मानित किया गया। नगर के सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर विक्रम गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश विकास और तरक्की के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा द्वारा सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, जो जनसेवा के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस दौरान सीताराम गुप्ता, शर्मिला गुप्ता, बी लाल गुप्ता, शैलेश गुप्ता, राकेश गुप्ता, धर्म प्रकाश केशरी, उबलक मरावी, विकास गुप्ता, नंदकिशोर गुप्ता, नीरा ठाकुर, शकुंतला, अमित सिंह, आकाश तिवारी, असलम अंसारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सुशासन दिवस के रूप में महिला मोर्चा ने मनाया मुख्यमंत्री जन्मदिन

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के निर्देश पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल के आह्वान पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुषमा मिंज के नेतृत्व में भाजपा जिला महामंत्री भानु प्रकाश दीक्षित मुख्य अतिथि में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जन्मदिन सुशासन संकल्प दिवस के रूप में महराजगंज में मनाया गया। महिला मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सर्व प्रथम हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर मुख्यमंत्री के दीर्घायु की कामना की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री श्री दीक्षित ने मुख्यमंत्री श्री साय का जीवन परिचय देते हुए कहा कि उनका जन्म एक किसान परिवार में हुआ था। मुख्यमंत्री का जीवन सरल, सहज, दृढ़ निश्चय सोच के धनी थे। उन्होंने बचपन से लेकर मुख्यमंत्री तक के सफ़र को अवगत कराया तथा राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी गुप्ता, अर्पणा दीक्षित, गायत्री, अजय, सुमित्रा, श्यामा, विजय प्रताप सिंह, रजनी, अर्चना सिंह, ममता रजक, सरिता, अभय मोहन भट्ट, लवकुश सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



### मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर महिला मोर्चा ने की पूजा-अर्चना

सोनगरा। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के निर्देशन तथा मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन के अवसर पर महिला मोर्चा द्वारा भव्य धार्मिक आयोजन किया गया।शनिवार को विश्रामपुर बस स्टैंड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में महिला मोर्चा की जिला एवं मंडल इकाइयों की कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ, महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, जनपद उपाध्यक्ष मनमत बछाड़, शिवनंदनपुर नगर पंचायत अध्यक्ष कृष्ण कुमार गोयल, विश्रामपुर नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, वरिष्ठ महिला नेता श्याम पांडे तथा जिला महामंत्री नेहा तिवारी उपस्थित रही।



## अवैध रेत उत्खनन पर कड़ी निगरानी, प्रशासन की कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज : कोरबा

जिले में कुल 20 रेत खदान स्वीकृत हैं तथा 3 नई रेत खदानें ई-नीलामी के माध्यम से आबंटित की गई हैं। जिले में कुल 15 अस्थायी रेत भंडारण अनुज्ञा स्वीकृत हैं। स्वीकृत खदानों एवं भंडारण क्षेत्रों से रामपुर विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे जिले में रेत की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में की जा रही है।

विधानसभा रामपुर क्षेत्र में कुल 12 रेत खदान स्वीकृत हैं तथा 2 नवीन रेत खदानों- तरईमार एवं कछार (चोरभट्ठी) को ई-नीलामी के माध्यम से आबंटित किया गया है, जिनकी स्वीकृति की प्रक्रिया प्रचलन में है। इसी प्रकार रामपुर क्षेत्र में रेत के 8 अस्थायी भंडारण अनुज्ञापत्र स्वीकृत हैं। प्रशासन द्वारा खनिजों के अवैध गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। जिले में अब तक खनिजों के अवैध परिवहन के 264, अवैध उत्खनन के 21 तथा अवैध भंडारण के 10 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इन प्रकरणों में कुल 73 लाख 73 हजार 12 रुपए की राशि समझौता शुल्क के रूप में वसूल की गई है। जिले में गठित टास्क फोर्स समिति-खनिज, वन, पुलिस, परिवहन एवं राजस्व विभाग-द्वारा विधानसभा रामपुर क्षेत्र के उरगा, कुदुरमाल, बरपाली, करतला, नोनबिर्रा एवं अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ पूरे जिले में लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। समिति द्वारा रेत, कोयला, मुरूम/मिट्टी, गिट्टी एवं अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। जिले में रेत की आपूर्ति के लिए पर्याप्त स्वीकृत खदान उपलब्ध हैं तथा अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए निरंतर गश्त एवं कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन आम नागरिकों से अपील करता है कि किसी भी प्रकार की अवैध खनन गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित विभाग को प्रदान करें।



### मुख्य मार्ग पर मवेशी से टकराया बाइक सवार, मौत

**अम्बिकापुर।** पटना थाना अंतर्गत ग्राम शिवपुर निवासी अमृत सिंह आ. स्व. मान साय (50 वर्ष) शनिवार को किसी काम के सिलसिले में बाइक से बरपारा गया था। शाम को वापस घर लौटने लगा और जैसे ही ग्राम छेंदिया मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी मवेशी से टकरा कर सड़क पर गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को पटना अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## कालाबाजारी के खिलाफ प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, राजसात होगा यूरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

यूरिया की कालाबाजारी के मामले में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। यूरिया की ब्लैक मार्केटिंग किए जाने, दूसरे राज्य के किसानों को यूरिया बेचने के मामले में जब्त किए गए लगभग दो करोड़ से अधिक के यूरिया को राजसात किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर अजीत वसंत ने दस सदस्यीय टीम का गठन किया है और इस टीम का नोडल अधिकारी एसडीएम को बनाया गया है।

- कलेक्टर ने बनाई दस सदस्यीय टीम, पूर्व में किया गया था सील

बता दें कि शहर के रायगढ़ रोड स्थित विजय ट्रेडिंग कंपनी के यूरिया की कालाबाजारी की सूचना के बाद जिला प्रशासन और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई की थी। कार्रवाई के दौरान प्रारंभिक रूप से गड़बड़ी की पुष्टि होने पर कलेक्टर के निर्देश पर लगभग दो करोड़ रूपए से अधिक के खाद को गोदाम में पहले ही सील कर दिया गया था और उसके बाद मामले की जांच चल रही थी। जांच के दौरान अब इस बात की पुष्टि हुई है कि विजय ट्रेडिंग कंपनी के संचालक द्वारा बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि संचालक द्वारा 95 से अधिक किसानों के नाम पर यूरिया की ब्लैक मार्केटिंग की गई थी। दूसरे राज्यों के लोगों के नामा पर यूरिया बेचा गया वहीं किसानों के नाम अपर अधिक मात्रा में यूरिया बेचा गया। जांच में गड़बड़ी की पुष्टि होने के बाद कलेक्टर सरगुजा अजीत वसंत ने आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 6 (ए) (2) के तहत जब्त किए गए यूरिया को राजसात करने का आदेश दिया है। इस कार्रवाई के लिए कलेक्टर ने एसडीएम फागेश सिन्हा को नोडल अधिकारी बनाने के साथ ही अनुविभागीय कृषि अधिकारी अम्ब्रोस टोप्पो को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है। दस सदस्यीय टीम एसडीएम के नेतृत्व में विजय ट्रेडिंग कंपनी के यूरिया को राजसात करेगी।




सील दुकान।

## जमीन विवाद पर बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

जमीन विवाद पर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की बुजुर्ग महिला पर हमला कर दिया। मारपीट से बुजुर्ग महिला को गंभीर चोट आई है।मारपीट की घटना के बाद पीड़ति पक्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी अनुसार मुलाजिमपारा निवासी अनिल दास गत दिन माता-पिता के साथ बाड़ी में मक्का लगा रहे थे। इसी दौरान दूसरे पक्ष ने जमीन विवादित बता पुलिस बुला लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाइश देकर वापस लौट गई7 पुलिस की समझाइश के बाद अनिल अपने माता पिता के साथ घर वापस आ रहे थे। तभी दूसरे पक्ष के लोगों ने उन पर हमला कर दिया। इस हमले में अनिल के बुजुर्ग माता को गंभीर चोट आई है। पीड़ति पक्ष ने किरण कुलभूषण, आशा, तीरथ एवं हरिश्चंद्र के विरुद्ध मारपीट करने का आरोप लगा थाने में विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 351(2),115(2),127(2) एवं 191(3)के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




## कलेक्टर के निर्देश पर नगर पंचायत प्रांगण में चलाया स्वच्छता अभियान

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश के बाद रविवार को नगर पंचायत बिश्रामपुर कार्यालय प्रांगण में जनप्रतिनिधियों ने झाड़ू थामकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की और आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।रविवार की सुबह अभियान में नगर पंचायत कार्यालय परिसर और पुस्तकालय भवन के आसपास साफ-सफाई का कार्य शुरू किया गया,कार्यालय के सामने जमा कचरे को हटाया गया, परिसर की फैली गंदगी को व्यवस्थित तरीके से साफ किया गया,इस अवसर पर नगर पंचायत बिश्रामपुर की अध्यक्ष निर्मला यादव,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव तथा नगर पंचायत के सीएमओ सुशील कुमार तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और स्वच्छता कर्मी मौजूद रहे,गौरतलब है कि कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक रविवार को निकाय क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों को स्वच्छता अभियान से जोड़ा जाए, ताकि प्रशासन और जनता के बीच सहभागिता बढ़े और शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने की सामूहिक जिम्मेदारी विकसित हो,इसी कड़ी में बिश्रामपुर में यह अभियान संचालित किया गया,अभियान के दौरान जनप्रतिनिधियों ने अपील की है कि वे अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई बनाए रखें, कचरा इधर-उधर न फेंकें और नगर पंचायत द्वारा निर्धारित स्थानों पर ही कचरा डालें,साथ ही स्वच्छता को एक नियमित आदत के रूप में अपनाने का आह्वान किया गया।



### अजय सोनी बने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष



**सीतापुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने संगठन का विस्तार करते हुए अजय सोनी को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का उपाध्यक्ष बनाया है।पूर्व मंत्री अमरजीत भगत की अनुशंसा पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तिलक बेहरा ने अजय सोनी को यह दायित्व सौंपा है।उपाध्यक्ष बनने के बाद अजय सोनी ने कहा कि उपाध्यक्ष के रूप में मुझे जो दायित्व सौंपा गया है।मैं उसका पूरी ईमानदारी से निर्वहन करूँगा।

## राष्ट्रीय कार्यशाला में शामिल हुआ उरांव समाज

**अंबिकापुर।** भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य को स्वीकृत मेरी परंपरा मेरी विरासत परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला दिल्ली में आयोजित की गई।

इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ से उरांव समाज का प्रतिनिधित्व करते हुए राजकुमारी सिंगी दई महिला संघ छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती मंजरी भगत व आदिवासी उरांव समाज सरगुजा की सचिव श्रीमती ललिता भगत ने सहभागिता की। राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ में उरांव समाज की सांस्कृतिक पहचान परंपरागत ज्ञान एवं सामाजिक विरासत को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया विशेष रूप से धुमकुड़िया के बारे में चर्चा की और बताया कि धुमकुड़िया को युवा गृह के रूप में जाना जाता है। धुमकुड़िया प्राचीन काल से ही युवाओं को अपने परंपरा, धर्म मान्यता, कला संस्कृति, जीवन जीने की विभिन्न विद्या मौखिक वाचिक और क्रियाकलापों के माध्यम से सीखाने वाली सशक्त और समृद्ध साली विद्यालय, महाविद्यालय रही है। विचार गोष्ठी में छत्तीसगढ़ के विभिन्न आदिवासी समुदायों के अनूठी परंपराओं को संरक्षित करने हेतु विभिन्न उपायों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई।





# ‘द केरल स्टोरी 2’ पर भड़के अनुराग बोले- ‘फिल्ममेकर लालची

**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह और उनके बैनर ‘सनशाइन पिक्चर्स’ के सपोर्ट से बनी ‘द केरल स्टोरी 2 – गोज बियॉन्ड’ का ट्रेलर हाल ही में जारी किया गया, जिसे लेकर अब एक नया विवाद शुरू हो गया है। फिल्म के ट्रेलर में दिखाए गए कुछ सीन्स को लेकर कॉन्ट्रोवर्सी शुरू हो गई है, खासतौर पर बीफ वाले सीन को लेकर। इस विवाद पर अब बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक अनुराग कश्यप ने भी प्रतिक्रिया दी है और फिल्म की कड़े शब्दों में आलोचना की है। निर्देशक ने कहा कि ‘द केरल स्टोरी पूरी तरह से बकवास है। ये पूरी तरह से प्रोपेगेंडा फिल्म है। मुझे नहीं पता कि इस फिल्म का क्या इरादा है।

लाइफ Style

# सामंथा

## काम पर की वापसी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ इंडियन फिल्मों की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेसेज में से एक सामंथा रुथ प्रभु, बीते कई दिनों से अपनी शादी को लेकर चर्चा में थीं। शादी के बाद वो अपने पति राज निदिमोरु के साथ समय बिता रही हैं।

शादी के बाद और पति संद क्वालिटी टाइम बिताने के बाद एक्ट्रेस ने काम पर भी वापसी कर ली है। सामंथा की शादी के बाद पहली फिल्म रिलीज के लिए तैयार है। एक्ट्रेस ने खुद नया पोस्टर शेयर कर ये न्यूज फैंस को बताई है। सामंथा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं, हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी आगामी फिल्म ‘मा इंटी बंगाराम’ का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर के साथ उन्होंने फिल्म की रिलीज की तारीख भी अनाउंस कर दी है। ये फिल्म सिनेमाघरों में 15 मई को रिलीज होने वाली है। फिल्म के पोस्टर में सामंथा का साइड फेस दिख रहा है वो एक दीवार के पीछे से झांकती हुई दिख रही हैं। इसे शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने पोस्टर में लिखा, ‘इस गर्मी में थिएटर में मिलते हैं। सामंथा को दोबारा स्क्रीन पर देखने के लिए उनके फैंस काफी एक्साइटेड हैं। जैसे ही एक्ट्रेस ने फिल्म का पोस्टर और रिलीज की तारीख का ऐलान किया इस पोस्ट पर लोगों के कमेंट्स आना भी शुरू हो गए। कई यूजर्स ने लिखा कि वो इस फिल्म के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकते। तो कई लोगों ने लिखा कि आज की सबसे बेस्ट न्यूज है। इस फिल्म के निर्माता सामंथा के पति राज निदिमोरु हैं।



हॉलीवुड मसाला

# लॉस एंजेलिस में स्पॉट हुई केंडल



**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी सुपरमॉडल और रियलिटी टीवी स्टार केंडल जेनर एक बार फिर अपने स्टाइलिश लुक को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उन्हें लॉस एंजेलिस में स्पॉट किया गया, जहां उनका स्पोर्टी और चिक अंदाज़ देखने को मिला। इस दौरान की उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो 30 वर्षीय केंडल जेनर ने इस दौरान व्हाइट कलर की स्पोर्ट्स ब्रा और मैचिंग लाउंज पैंट पहनी। उन्होंने पैंट की इलास्टिक कमर को थोड़ा मोड़कर पहना, जिससे उनका फिट फिगर और एब्स साफ नजर आ रहे थे।



# किम ने किए फेमस कर्व्स फ्लॉन्ट...

**लॉस एंजेलिस।** एक्ट्रेस किम कार्दशियन अपने स्टनिंग और स्टाइलिश लुक्स से कभी भी लोगों को इम्प्रेस करने से नहीं चूकतीं। हाल ही में उन्होंने यूरोप के एक ट्रिप के बाद अमेरिका लौटते हुए अपने फेमस कर्व्स फ्लॉन्ट किए। इस दौरान किम अपने लुक और स्टाइल से फैंस का खूब दिल जीतती आईं। उनकी ये तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। होमटाउन कैलाबासस लौटने पर किम कार्दशियन का अंदाज़ किसी रनवे मॉडल से कम नहीं था। उन्होंने ब्लैक लेदर आउटफिट पहना, जिसमें एक छोटा सा टॉप और उसके ऊपर लेदर कोट शामिल था। इस लुक में किम ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।



# टिस्का ने शेयर की मजेदार पोस्ट...

**मुंबई।** अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वे जिंदगी के कुछ खास पलों की यादें फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। उन्होंने कुछ ऐसा ही करते हुए एक मजेदार पोस्ट शेयर किया। अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि आराम और काम के बीच संतुलन बनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने लिखा, “घर से काम करना सुनने में बहुत अच्छा लगता है, लेकिन जब दो लेखक एक ही डाइनिंग टेबल पर काम करें तो मुश्किल हो जाता है। मुझे समझ आया है कि घर में साफ सीमाएं होना बहुत जरूरी है, ऐसी जगह जहां आप ध्यान से काम कर सकें, समय पर काम खत्म करें, और फिर सुकून से घर जैसा महसूस कर सकें। काम काम की जगह रहे और घर, घर जैसा ही रहे।”



# सोशल मीडिया बैन के सपोर्ट में उतरे...

**मुंबई।** सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल और एआई के बढ़ते चलन से बच्चों पर पड़ रहे नकारात्मक असर की चपेट में बच्चे जल्दी आते हैं, जिसका असर उनके मानसिक स्वास्थ्य, पढ़ाई और व्यक्तित्व पर पड़ता है। कुणाल कपूर ने बच्चों के सोशल मीडिया एक्सेस पर रोक लगाने का सपोर्ट किया। उन्होंने कहा कि यह कदम ‘एंटी-टेक्नोलॉजी’ नहीं बल्कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए है। कुणाल का कहना है कि सोशल मीडिया के एल्गोरिदम इस तरह बनाए जाते हैं कि बच्चे घंटों स्क्रॉल करते रहें, जिससे उनकी एकाग्रता, नींद और भावनात्मक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। कुणाल ने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक खबर शेयर की, जिसमें लिखा था कि 140 करोड़ की आबादी वाले भारत में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन लगाने पर सरकार विचार कर रही है।

टीवी मसाला

# ‘बींदणी’ एक नया और चुनौतीपूर्ण सफर: कुशाग्र

**मुंबई।** टीवी इंडस्ट्री में हर शो में कुछ किरदार ऐसे होते हैं जो दर्शकों का दिल तुरंत जीत लेते हैं, तो कुछ किरदार ऐसे भी होते हैं जो दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देते हैं। ऐसा ही एक किरदार अभिनेता कुशाग्र



दुआ सन नियो पर प्रसारित होने वाले शो ‘प्रथाओं की ओढ़े चुनरी: बींदणी’ में निभा रहे हैं, जो एक ग्रे शेड रोल है। कुशाग्र दुआ ने बताया कि उन्हें यह शो और किरदार मिलना उनके लिए एक नई जर्नी जैसा है। उन्होंने कहा, ‘शो में मैं ‘गर्व’ नाम के लड़के का किरदार निभा रहा हूं, जो अपनी बुआ, फूफा और उनके बच्चों के साथ रहता है। गर्व की जिंदगी में सबसे बड़ा खालीपन उसके माता-पिता का न होना है। इसी कमी ने उसके भीतर गहरा दर्द और गुस्सा भर दिया है।’ कुशाग्र ने बताया, ‘यही दर्द धीरे-धीरे गर्व को कठोर बना देता है और वह लड़कियों से नफरत करने लगता है। उसे प्यार जैसी भावना पर बिल्कुल भरोसा नहीं है और वह उन लड़कों से भी चिढ़ता है जो प्यार में पड़कर अपना सब कुछ दांव पर लगा देते हैं। गर्व को लगता है कि प्यार के नाम पर लोग जो कुर्बानियां देते हैं, वह सच्चा प्यार नहीं बल्कि मजबूरी और दिखावा है।

# रजनीकांत की जेलर में होगी शाहरुख खान की एंट्री!

**मुंबई।** साउथ सिनेमा में इन दिनों लगातार बड़े एक्टर्स की धमाकेदार फिल्में रिलीज हो रही हैं। इन दिनों यश की टॉक्सिक चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में फिल्म का टीजर आया था, जो कि यूट्यूब पर खूब धमाल मचा रहा है। वहीं, अब रजनीकांत की जेलर 2 को लेकर भी अपडेट सामने आया है। इस फिल्म का ही दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा ये भी बताया जा रहा है कि रजनीकांत की जेलर 2 में शाहरुख खान भी नजर आने वाले हैं।



दरअसल, शाहरुख खान इस साल बड़े पर्दे पर फिल्म किंग से वापसी करने वाले है, जिसमें उनकी बेटी सुहाना खान और एक्टर अभिषेक बच्चन नजर आएंगे। हालांकि वह किंग के अलावा रजनीकांत की जेलर 2 में भी दिखाई देंगे। रिपोर्ट के मुताबिक शाहरुख खान जेलर 2 में कैमियो रोल में नजर आएंगे। रिपोर्ट्स में ये भी बताया गया है कि शाहरुख खान जल्द ही जेलर 2 की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। एक्टर इस फिल्म के लिए 7 से 8 दिनों तक शूट करेंगे। बताया जा रहा है कि शाहरुख खान मार्च 2026 में जेलर 2 के सेट पर पहुंच कर अपनी शूटिंग करेंगे। क्योंकि फिल्म का सिर्फ एक हिस्सा शूट होने के लिए बचा है और इस मूवी की लगभग शूटिंग पूरी हो चुकी है। हालांकि शाहरुख खान को लेकर अभी भी मेकर्स ने कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है।

# ‘ड्रैगन’ के एक साल पूरे, कयादू ने जताया आभार

**मुंबई।** साउथ सिनेमा अक्सर अपनी फिल्मों के जरिए दर्शकों का दिल जीतने में कोई कमी नहीं छोड़ता है। उनकी फिल्मों की स्टोरीलाइन और कलाकारों का काम दर्शकों को बहुत आकर्षित करता है। इसी कड़ी में तमिल सिनेमा की रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म ‘ड्रैगन’ एक ऐसी फिल्म थी, जिसने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई थी। फिल्म के एक साल पूरे होने पर अभिनेत्री कयादू ने इंस्टाग्राम पर खुशी जाहिर की।

उन्होंने फिल्म के सेट से कुछ पुरानी तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने लिखा, ड्रैगन को रिलीज हुए 1 साल पूरा हो गया है। यही वो सफर है, जहां से सब कुछ शुरू हुआ था। मुझे अपने दिल में जगह देने और इतने प्यार से अपनाने के लिए आप सभी का धन्यवाद। पल्लवी हमेशा मेरे लिए खास रहेगी। बहुत-बहुत धन्यवाद और ढेर सारी बधाई। फिल्म को दर्शकों ने काफी सराहा था। वहीं, अभिनेत्री कयादू लोहार के लिए यह फिल्म उनके करियर का बड़ा ब्रेक साबित हुई थी।

तमिल सिनेमा में उनका डेब्यू इसी फिल्म से हुआ था। अश्वथ मरिमुथु द्वारा निर्देशित इस रोमांटिक कॉमेडी में प्रदीप रंगनाथन लीड रोल में थे और कयादू



लोहार और अनुपमा परमेश्वरन भी अहम रोल में नजर आए थे।

यह फिल्म राघवन की कहानी है, जिसका स्कूल में ब्रेकअप हो जाता है। दिल टूटने के कारण वह पढ़ाई छोड़कर प्यार और ताकत की कमी को पूरा करने के लिए वित्तीय धोखाधड़ी की खतरनाक दुनिया में उतर जाता है। फिर, धीरे-धीरे वह अपने नियंत्रण से बाहर हो जाता है।

# ब्रॉयफ्रेंड संग लंदन की घूम रहीं कृति!

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन अक्सर ही अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस की पिछली फिल्म तेरे इश्क में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही है। इसके बाद इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी काफी पसंद किया गया है। इन सभी के बीच कृति ने कबीर बहिया के साथ अपनी डेटिंग की खबरों को हवा दे दी है। एक्ट्रेस का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ नजर आ रही हैं। दरअसल, कृति सेनन अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के हाथों में हाथ डाले हुए लंदन की सड़कों पर घूमते हुए नजर आ रही हैं, जिसके बाद दोनों की डेटिंग की अफवाहें तेज हो गई हैं। यह वीडियो रेडिट पर शेयर किया गया है, जिसमें कृति ब्राउन जैकेट, ब्राउन टॉप और हल्के नीले रंग की जींस पहने हुए नजर आ रही हैं और कबीर ऑल ब्लू को-ऑर्ड पैंट के साथ स्वेटशर्ट में दिख रहे हैं।



## बॉक्स ऑफिस पर मचा दिया था कोहराम

# फिल्मफेयर पुरस्कार में छाई ‘पुष्पा 2’, झोली में गिरे सबसे ज्यादा अवॉर्ड

***मुंबई।*** *साल 2024 में अल्लू अर्जुन की फिल्म ‘पुष्पा 2’ ने रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर कोहराम मचा दिया था। फिल्म ने भारत समेत वैश्विक स्तर पर कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। अब फिल्म दक्षिण सिनेमा के 70वें फिल्मफेयर पुरस्कार में भी छा चुकी है। अभिनेता और उनकी फिल्म ने एक नहीं, बल्कि कई अवॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। तकरीबन 500 करोड़ के बजट में बनी फिल्म की झोली में सबसे ज्यादा अवॉर्ड आए हैं। अल्लू अर्जुन की ‘पुष्पा 2’ ने दक्षिण सिनेमा के 70वें फिल्मफेयर पुरस्कार समारोह में सबसे ज्यादा अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। तेलुगु भाषा की बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड ‘पुष्पा 2’ को मिला है। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवॉर्ड ‘पुष्पा 2’ के निर्देशक सुकुमार ने अपने नाम किया। इसके साथ बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड अल्लू अर्जुन को फिल्म ‘पुष्पा 2’ के लिए ही मिला है।*



### सर्वश्रेष्ठ संगीत एल्बम का अवॉर्ड मिला

इसके अलावा, सर्वश्रेष्ठ संगीत एल्बम का अवॉर्ड ‘पुष्पा 2’ के लिए ही देवी श्री प्रसाद को मिला है। बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन का खिताब भी फिल्म पुष्पा-2 के लिए सेट डिजाइनर रामकृष्ण और मोनिका को मिला है। कुल मिलाकर फिल्म के खाते में 5 अवॉर्ड आए हैं। 70वें फिल्मफेयर पुरस्कार में किसी दूसरी फिल्म को अलग-अलग कैटेगरी में इतने अवॉड्र्स नहीं मिले हैं।

### वैश्विक स्तर पर किया था 1800 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन

साल 2024 में रिलीज हुई अल्लू अर्जुन की फिल्म ‘पुष्पा-2’ ने बॉक्स ऑफिस पर बंपर कमाई की। फिल्म ने वैश्विक स्तर पर 1800 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया, जबकि भारत में फिल्म सभी भाषाओं में लगभग 1400 करोड़ कमा चुकी है। इसमें हिंदी बेल्ट का बड़ा योगदान रहा था। फिल्म ने पहले ही दिन ‘आरआरआर’ और ‘केजीएफ’ को भी कमाई में पीछे छोड़ दिया था। पहले दिन के ओपनिंग कलेक्शन की बात करें तो ‘आरआरआर’ ने 133 करोड़ और ‘केजीएफ’ ने 116 करोड़ का कलेक्शन किया था, लेकिन ‘पुष्पा-2’ ने पहले ही दिन लगभग 163 करोड़ का कलेक्शन किया, जो दोनों ही फिल्मों से बहुत ज्यादा है।

## खबर संक्षेप

### विकास बने प्रदेश सह सचिव





**मनेन्द्रगढ़।** सामाजिक और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस ने छग में अपने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं। राष्ट्रीय सचिव वृजभूषण श्रीवास्तव की अनुशंसा पर प्रदेश स्तर पर तीन प्रमुख दायित्व सौंपे गए हैं, इससे कायस्थ समाज के सामाजिक, बौद्धिक और व्यावसायिक हितों को नई गति मिलने की उम्मीद है। इन नियुक्तियों के अंतर्गत विकाश श्रीवास्तव को ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस का छग प्रदेश सह सचिव मनोनित किया गया है। संगठन में उनकी सक्रिय भूमिका और समर्पण को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। वहीं राजेश सिन्हा को मीडिया प्रकोष्ठ, छग का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनसे संगठन की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से समाज और जनमानस तक पहुंचाने की अपेक्षा की जा रही है। इसी क्रम में डॉ. निशांत श्रीवास्तव को मेडिकल प्रकोष्ठ छग का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। चिकित्सा क्षेत्र में उनके अनुभव से संगठन के स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा अभियानों को मजबूती मिलने की संभावना है। तीनों पदाधिकारियों की नियुक्ति पर जीकेसी परिवार में हर्ष व्याप्त है। राष्ट्रीय महासचिव नवीन कुमार ने नव-मनोनित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दी और विश्वास जताया कि वे संगठन की गरिमा व उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करेंगे।

### सूर्य प्रताप ने 58 वर्ष की उम्र मे किया 27वीं बार रक्तदान



**रामानुजगंज।** शिक्षा विभाग में कार्यरत नगर के वार्ड क्रमांक 15 निवासी सूर्य प्रताप कुशवाहा (58 वर्ष) में मानव सेवा की मिसाल बन गए है। वे अपना जन्मदिन और शादी की सालगिरह अस्पताल में मरीजों के बीच मनाते हैं और नियमित रूप से रक्तदान करते आ रहे हैं। 58 वर्ष की आयु पूरी करने पर उन्होंने 27वीं बार रक्तदान किया और लोगों से स्वेच्छा से रक्तदान करने प्रेरित किया।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा-अभियान का आगाज

# प्रत्येक कार्यकर्ता अपने दायित्वों का निर्वहन करें

**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर**






भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत भाजपा जिला कार्यालय छिन्दडांड़ में जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजन किया गया। अतिथियों ने भारत माता पंडित दिनदयाल उपाध्याय, डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रामलखन पैकरा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में अथिति स्वागत, वंदेमातरम गायन, वर्ग गीत गायन हुआ, इसके पश्चात प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता रामलखन पैकरा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पंच परिवर्तन विषय के साथ साथ संगठन की कार्यपद्धति, विचारधारा तथा प्रत्येक कार्यकर्ता के दायित्वों पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होंगे, नागरिक कर्तव्य की पालन से राष्ट्र समृद्ध व उन्नत होगा। स्वदेशी के आचरण से स्व-निर्भरता व स्वावलंबन बढ़ता है। समाज की एकता, सजगता व सभी दिशा में निस्वार्थ उद्यम, जनहितकारी शासन व जनोन्मुख प्रशासन स्व के अधिष्ठान पर खड़े होकर परस्पर सहयोगपूर्वक प्रयासरत रहते है, तभी राष्ट्रबल वैभव संपन्न बनता है। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि संगठन से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, आचार और व्यवहार से प्रशिक्षित करने के भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की ओर से प्रदेश भर में महा-प्रशिक्षण अभियान आरंभ किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षण का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण से संगठन निर्माण तथा संगठन निर्माण से राष्ट्र निर्माण करना है। प्रशिक्षण वर्ग में द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सत्र में विभिन्न वक्ताओं ने अपने-अपने विषय पर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन सत्र में अतिथियों को स्थानीय उत्पाद सोनहनी एवं कोरिया मोदक, मिलेट्स कुकीज भेंट स्वरूप प्रदान किया गया। कार्यक्रम में नवाचार को बढ़ाते हुए अथितियों का स्वागत स्थानीय कन्या महाविद्यालय द्वारा हस्त निर्मित पुष्पगुच्छ से किया गया। राष्ट्रगान के कार्यक्रम समापन की घोषणा की गइं। प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र में शारदा गुप्ता ने प्रशिक्षण कार्ययोजना की रुपरेखा पर विस्तृत मार्गदर्शन किया, तृतीय सत्र में सोनालाल राजवाड़े ने नवाचार पर मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, अनिल साहू,, रविशंकर राजवाड़े, चुन्नी पैकरा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, नगर पंचायत उपाध्यक्ष, गौरव अग्रवाल, जिला मंत्री शिव कुमारी सोनपाकर, सुनिता कुर्रे, ईश्वर राजवाड़े, प्रदीप तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, जिला सह मीडिया प्रभारी गणेश यादव, प्रशिक्षण टोली संयोजक कपिल जायसावाल, सह संयोजक बसंत राय, शारदा गुप्ता, गोपाल राजवाड़े, पुष्पा राजवाड़े, जिला सोशल मीडिया संयोजक जगनारायण साहू, सह संयोजक राकेश गुप्ता, काजल मोदी, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, मैनेजर राजवाड़े, किशोर सिरदार, संजय चिकनजूरी, दीपा विश्वकर्मा, रामलखन यादव, रमन गुप्ता, रवि त्रिपाठी, सचिदानंद द्विवेदी, मुन्ना चक्रधारी, सचिन मलिक, रामाशंकर सिंह, दिनेश साहू, सुरेश सिरदार, मनोज साहू, सुरेश राजवाड़े, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सतेन्द्र राजवाड़े, जिला महामंत्री मनोज साहू, साक्षी सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीता यादव, महामंत्री ममता कुशवाहा, जिला मंत्री आंचल सिंह परमार, जनपद सदस्य रंजीत मंडल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, महामंत्री सुरेन्द्र कुशवाहा, अहिल्या राजवाड़े, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष विमल चंद चेरवा, महामंत्री राय सिंह, कमलेश एक्का, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलराज रवि, महामंत्री लहरे सोनवानी, विक्की सारथी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवचरण साहू, महामंत्री जय चक्रधारी, प्रेमप्रकाश पाण्डेय, अल्प संख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अशरफ खान, शिक्षा प्रकोष्ठ जिला संयोजक गोकरण शुक्ला,सह संयोजक कौशलेन्द्र गुप्ता, आर्थिक प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुभाष साहू, बुनकर प्रकोष्ठ जिला संयोजक संतोष देवांगन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भरत देवांगन सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान पर मंथन



**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी जिला एमसीबी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत जिला कार्यशाला बैठक का आयोजन 22 फरवरी को नागपुर सभागृह में किया गया। बैठक प्रातः 10 से सायं 4:30 बजे तक विभिन्न सत्रों में संपन्न हुई। इसमें संगठनात्मक मजबूती, वैचारिक प्रशिक्षण और तकनीकी सशक्तिकरण पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मन की बात सत्र से हुआ। इसके पश्चात अतिथि आगमन, दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदे मातरम गीत के साथ प्रथम सत्र आरंभ हुआ। स्वागत उद्बोधन जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले ने दिया। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचार आज भी संगठन की मूल प्रेरणा हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रत्येक कार्यकर्ता को वैचारिक रूप से समृद्ध, अनुशासित और समाज के प्रति उत्तरदायी बनाना ही इस महाअभियान का उद्देश्य है। उन्होंने संगठन की एकजुटता, अनुशासन और बूथ स्तर तक प्रशिक्षण की निरंतरता पर विशेष बल दिया। प्रथम सत्र की अध्यक्षता जिला प्रवक्ता जमुना पाण्डेय ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में नरोत्तम नाथ योगी ने संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन दिया। योगी ने कहा कि भाजपा का प्रशिक्षण मॉडल कार्यकर्ताओं को केवल चुनावी राजनीति तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उन्हें राष्ट निर्माण की सोच और सेवा भाव से जोड़ता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य निष्ठा के साथ करें। संचालन की जिम्मेदारी जिला उपाध्यक्ष संजय राय ने निभाई। द्वितीय सत्र में विचार परिवार का विषय पर चर्चा की गई। इस सत्र में सत्र अध्यक्ष के रूप में जिला महामंत्री द्वारिका जायसवाल तथा मुख्य वक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल केसरवानी रहे। अनिल केसरवानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि विचार परिवार के विभिन्न संगठनों का समन्वय ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की वैचारिक पृष्ठभूमि, परंपराओं और कार्यशैली से अवगत कराते हुए अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव को भाजपा की पहचान बताया। इस सत्र का संचालन श्रीमती सरोज यादव द्वारा किया गया। तृतीय सत्र प्रशिक्षण पर नवाचार विषय पर केन्द्रित रहा, इसमें प्रशिक्षण की प्रभावशीलता बढ़ाने, संवादात्मक पद्धतियों और आधुनिक प्रशिक्षण तरीकों पर विचार साझा किए गए। इसके पश्चात 1:30 से 2:30 बजे तक भोजन अवकाश रखा गया। भोजन पश्चात चतुर्थ सत्र में आईटी के विषय पर चर्चा हुई। सत्र की अध्यक्षता संजय राय ने की तथा मुख्य वक्ता संजय सोनी रहे। उन्होंने डिजिटल माध्यमों के उपयोग, सोशल मीडिया की भूमिका तथा सूचना तकनीक के माध्यम से संगठन विस्तार पर विस्तार से प्रकाश डाला। संचालन अरविंद अग्रवाल ने किया।

# अंतरराष्ट्रीय सामान्य ज्ञान ओलंपियाड परीक्षा

**हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़**



अकैडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में अंतरराष्ट्रीय सामान्य ज्ञान ओलंपियाड परीक्षा में विद्यार्थियों की शानदार सफलता पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह परीक्षा साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की गई थी। इसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 14 गोल्ड मेडल एवं प्रमाण पत्र प्राप्त कर विद्यालय और पूरे एमसीबी जिले का गौरव बढ़ाया।

कार्यक्रम में कक्षा दूसरी के छात्र ऋषभ कुमार, कक्षा तीसरी के अयान सिंह, हर्षित कुमार, विराज तिवारी, अक्षत नामदेव, कक्षा चौथी के सौम्य सिंह, कक्षा पांचवीं की अक्षिता भगत, कक्षा छठवीं के हिमांशु छड़ीमली, संस्कार सिंघल, उत्कर्ष तिवारी, कक्षा सातवीं की श्रेया पटेल तथा कक्षा नवमी के सार्थक पंसारी, अक्षत गोयल और अजान एच खान को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। परीक्षा प्रभारी शिक्षिका रूबी पासी ने कहा कि विद्यार्थियों ने निरंतर अभ्यास, अनुशासन और विषय की गहन समझ के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने विद्यार्थियों की लगन के साथ-साथ अभिभावकों के सहयोग की भी सराहना की। विद्यालय संचालक संजीव ताम्रकार, ज्योति ताम्रकार, आशीष कक्कड़, आशी कक्कड़, प्रशांत अग्रवाल, तोषी अग्रवाल, डॉ.एसके सिन्हा और मीनू सिन्हा ने संयुक्त रूप से विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ओलंपियाड जैसी प्रतियोगिताएं बच्चों की बौद्धिक क्षमता और आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं। प्राचार्य पी. रविशंकर ने कहा कि यह सफलता विद्यालय के गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण और शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

## कीटनाशक छिड़काव के बाद ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक छिड़काव करने के बाद सही तरीके से हाथ नहीं धोने तथा ढोढ़ी में दोनों हाथ से पानी पीने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम कोरजा निवासी परमेश्वर राम आ. स्व. रामधन (39 वर्ष) 19 फरवरी को खेत में लगी धान की फसल में कीटनाशक छिड़काव करने गया था। फसल में कीटनाशक छिड़काव करने के बाद शाम को घर आया और उल्टी करने लगा। परिजन ने पूछताछ की तो परमेश्वर ने बताया कि फसल में कीटनाशक छिड़काव करने के बाद सही तरीके से हाथ नहीं धोया और ढोढ़ी में दोनों हाथ से पानी पिया था। जिसके कुछ समय बाद उल्टी होने लगी। परिजन पानी के साथ कीटनाशक पेट में चले जाने पर तत्काल ग्रामीण को लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# एमसीबी में 4.82 लाख क्विंटल का परिवहन

**हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़**



25 उपार्जन केन्द्रों में खरीदे गए धान का सुव्यवस्थित परिवहन लगातार जारी है। अब तक जिले में कुल 8 लाख 79 हजार 848.6 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, इनमें से 4 लाख 82 हजार 860 क्विंटल धान का सफलतापूर्वक उठाव कर लिया गया है। यह उपलब्धि न केवल प्रशासनिक दक्षता को दशार्ती है, बल्कि यह भी प्रमाणित करती है कि जिले में धान प्रबंधन की व्यवस्था पूरी तरह संगठित और परिणामोन्मुखी है।

धान उठाव में आई तेजी से उपार्जन केन्द्रों एवं सोसायटी परिसरों में भंडारण का दबाव लगातार कम हो रहा है, इससे केन्द्रों पर व्यवस्था सुचारू बनी हुई है और नए आगमन के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो पा रहा है। जिले के प्रमुख उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव दर्ज किया गया है। केल्हारी केन्द्र से 39,380 क्विंटल, कौड़ीमार से 38,260 क्विंटल, बरबसपुर से 31,290 क्विंटल, चैनपुर से 30,860 क्विंटल, डोडकी से 30,530 क्विंटल, बरदर से 30,210 क्विंटल, कोड़ा से 27,810 क्विंटल, नागपुर से 24,040 क्विंटल, घुटरा से 23,620 क्विंटल, कठौतिया से 23,600 क्विंटल, कुवांरपुर से 23,160 क्विंटल, बंजी से 23,120 क्विंटल तथा खड़गवां से 20,930 क्विंटल धान का सफल उठाव किया जा चुका है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि जिले के अधिकांश बड़े केन्द्रों में कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहा है और लक्ष्य की दिशा में ठोस प्रगति हो रही है। प्रशासन द्वारा शेष 3 लाख 96 हजार 988.6 क्विंटल धान के उठाव को भी निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# मवेशी तस्करी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



**बलरामपुर।** मवेशी तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से तीन नग बैल बरामद करने के साथ ही उनके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। चांदो पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति ग्राम नावाडीह कला, पियारटोली के रास्ते से पैदल 3 बैल को क्रूरता पूर्वक मारते पीटते हाकते हुए बूचड़खाना झारखंड बॉर्डर की ओर ले जा रहे हैं। सूचना के बाद चांदो पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर कार्रवाई की गई इस दौरान दो लोग मवेशियों को मारते पीटते व हाकते हुए झारखंड ले जा रहे थे। इस दौरान पुलिस ने मौके से ग्राम धनजी निवासी सुरेंद्र काशी व ग्राम करचा निवासी कपिल देव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 4, 6, 10, छत्तीसगढ़ कृषि पशु, परिरक्षण अधिनियम 2004 व पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# रेड नहीं तो घाटों पर सक्रिय रेत तस्कर, कर रहे अवैध उत्खनन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रजपुरीकला**

लखनपुर व उदयपुर क्षेत्र में एक बार फिर रेत तस्कर सक्रिय हो गए है। रेत माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद हो गए है कि नदी से से रेत का अवैध उत्खनन करने में लगे हुए है। क्षेत्र के ग्रामीणों कई बार इसकी शिकायत संबंधित विभाग से की परंतु आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो सकी जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

रेड नदी के कई घाटो से लंबे समय से लगातार रेत का अवैध उत्खनन होने से नदी का अस्तित्व पर भी खतरा मंडराने लगा है। वहीं अवैध उत्खनन के कारण सरकार को लाखों रुपए का राजस्व का नुकसान हो रहा है। लखनपुर एवं उदयपुर विकासखंड के मध्य बहने वाली रेड नदी के घाटों से बड़ी की संख्या में ट्रैक्टर, मिनी ट्रक से हर रोज रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन किया रहा है। इन रेत को आसपास क्षेत्र के अलावा दूसरे जिलों में भी खपाया का काम पिछले कुछ माह से काफी बढ़ गया है। लखनपुर क्षेत्र के बगदरी घाट, तराजू घाट, घुमका, नवापारा जबकि उदयपुर क्षेत्र के देवगढ़ घाट और पटपरिया घाट से रेत का अवैध उत्खनन कर बड़ी संख्या में ट्रक, ट्रैक्टर, मिनी ट्रक से परिवहन किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि तराजू घाट से बड़ी संख्या में बालू लोड वाहनों के आवागमन करने से ग्राम पंचायत की सड़क काफी जर्जर हो गई है। जबकि बीच बस्ती से गुजरी सड़क तथा बच्चों के खेलने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।



घाट से रेत ले जाते वाहन।

### हो चुकी है कई बार कार्रवाई

पूर्व में कई बार प्रशासन की टीम ने रेत परिवहन कर रहे ट्रैक्टरों पर कार्रवाई कर चुके है। कार्रवाई होने के बाद कुछ दिनों तक रेत परिवहन में अंकुश लगा था परंतु नियमित कार्रवाई नहीं होने से पुनः पूर्व की भांति स्थिति निर्मित हो जाती है। वर्तमान में भी कार्रवाई के अभाव में हर रोज बालू लोड वाहन मार्ग से गुजर रहे है। **सड़क की हालत दयनीय-** ट्रैक्टरों और भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क की हालत काफी दयनीय हो गई है। सड़क पर गड्ढे होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### अवैध रेत परिवहन पर लगे रोक

लखनपुर सहित उदयपुर के जनप्रतिधिनियों व ग्रामीणों ने प्रशासन से शिकायत कर अवैध रेत परिवहन पर अंकुश लगाने तथा प्रशासन द्वारा नियमित रूप से क्षेत्र में कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र के रेत को दूसरे क्षेत्र में रेत माफियाओं द्वारा खपाया जाता है जबकि उन्हें अपने काम के लिए भी रेत उपलब्ध नहीं होता है।

### अधिकारियों से करता हूं चर्चा

रेड नदी के घाटों से रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन किया जा रहा है तो इसकी जानकारी नहीं है। संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर अवैध रेत उत्खनन व परिवहन को रोकवाता हूं।

**-वन सिंह नेताम**
एसडीएम लखनपुर-उदयपुर

न्यायालयः श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी, चिरमिरी, जिला-कोरिया, छ.ग.
उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक : 14/2025
प्रो.क्र.-106/26
पेशी दिनांक 17/3/26

1. दिलीप कुमार जानी आ. स्व. विष्णु प्रसाद जानी, उम्र करीब 65 वर्ष, 2. ज्योती जानी पत्नी भरत कुमार जानी, उम्र करीब 52 वर्ष, दोनो निवासी-ग्रेनशॉप दफाई शिव मंदिर के पास, हल्दीबाड़ी, थाना-चिरमिरी, तहसील-चिरमिरी, जिला-एम.सी. बी.,छ.ग. ..........
आवेदिकागण
"प्रति"
1. श्रीमान शाखा प्रबंधक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, शाखा हल्दीबाड़ी चिरमिरी, थाना व तहसील-चिरमिरी, जिला- एम.सी.बी. छ.ग. 2. श्रीमान शाखा प्रबंधक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, शाखा-ध्रान्गध्रा, जिला-सुरेन्द्र नगर गुजरात, 3. पोस्ट मास्टर, ध्रान्गध्रा, पोस्ट ऑफिस-ध्रान्गध्रा,जिला-सुरेन्द्रनगर गुजरात 4. वासुदेव जानी आ. स्व. विष्णु प्रसाद जानी, निवासी-राजिव विहार बिलासपुर, जिला-बिलासपुर, छ.ग. 5. सर्वसाधारण
..........अनावेदकगण

**ईश्तहार**

आवेदकगण द्वारा स्व. विष्णु प्रसाद जानी एवं भरत जी के नाम पर अनावेदक क्र. 1 के कार्यालय में फिक्स डिपोजिट खाता क्रमांक 410071 में जमा राशि 2,53,648 रू., अनावेदक क्र. 2 के बचत खाता क्र. 239 में जमा राशि 20,000 रू., अनावेदक क्र. 3 के संचालित बचत खाता, किसान बचत पत्र एवं एन.सी.सी. बचत पत्र तथा बचत खाता में जमा राशि मय क्षतिपूर्ति एवं ब्याज के प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र इस न्यायालय के समक्ष अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत पेश किया गया है। आवेदन पत्र की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 17/03/2026 को प्रातः 11.00 बजे होगा। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त राशि के संबंध में आवेदकगण के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तब वह अपना पक्ष समर्थन में इस न्यायालय में दिनांक 17/03/2026 को प्रातः 11.00 बजे उपस्थित होकर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करें, उक्त दिनांक तक कोई आपत्ति नहीं होने पर आवेदन पत्र की सुनवाई किये जाकर नियमानुसार आदेश पारित किया जायेगा उक्त दिनांक को अवकाश घोषित होने पर आवेदन पत्र की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को होगी। आज दिनांक:07/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(अंशुल वर्मा)
व्यवहार, न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
चिरमिरी, जिला-कोरिया, छ.ग.

## पृष्ठ 1 का शेष

### विस बजट सत्र,...

(अधीक्षक शाखा) में उपलब्ध कराई जाए। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि विधानसभा सत्र के दौरान सभी विभाग आपसी समन्वय, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए शासन स्तर पर प्रेषित की जाने वाली जानकारी को समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

### जल संरक्षण अभियानः...

डॉ.आशुतोष ने कहा कि आने वाले समय में स्वच्छ जल हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती बन रहा है। इससे निपटने के लिए जल संरक्षण अभियान को तेजी से आगे बढ़ाना होगा। हम सभी को जल संरक्षण के लिए जन जागरूकता के लिए काम करना होगा। तभी आने वाली पीढ़ी को जल मिल पाएगा।

### कोरिया में 44...

सलाह देकर रोग के प्रसार को रोकने पर विशेष जोर दिया गया। भारत में गैर-संचारी रोगों के कारण प्रतिवर्ष लगभग 4.1 करोड़ मौतें होती हैं। हृदय रोग, मधुमेह, पुरानी श्वसन संबंधी बीमारियां एवं कैंसर जैसी बीमारियों से होने वाली कुल मौतों में भारत का लगभग 64 प्रतिशत योगदान है। इससे न केवल सामाजिक बल्कि आर्थिक बोझ भी बढ़ता है।

### रोग की रोकथाम...

रोग की रोकथाम के लिए विवाह पूर्व सिकलिंग परीक्षण कराने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में धार्मिक संगठनों, समाज प्रमुखों एवं स्वास्थ्य विभाग का सक्रिय सहयोग रहा। जिले के विभिन्न समुदायों से आए समाज प्रमुखों ने सहभागिता कर इस पहल को जनआंदोलन का रूप देने का संकल्प लिया। इस संगोष्ठी के माध्यम से आमजन से अपील की गई कि वे स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराएं और गैर-संचारी रोगों की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाएं।







